nt>

Title: Need to clear the proposal of the Government of Himachal Pradesh for allocating funds from the Central Road Fund for construction of Ramshila Bijli Mahadev road and Thiyog Kotkhai - Hatkoti road in Kullu district.

श्रीमती प्रतिमा सिंह (मंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में लाना चाहती हूं कि हिमाचल प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र मंडी में पड़ने वाले जिला कुल्लू में रामशिला बिजली महादेव रोड 0/0से 24/0 किलोमीटर के निर्माण हेतु रु. 3.04 करोड़ तथा ठियोग कोटखाई हटकोटी रोड के निर्माण एवं बाईपास की खड़ी चढ़ाई को 0/0 से 7/0 किलोमीटर पर काम करने हेतु रु. 4.03 करोड़ अर्थात कुल रु. 7.07 करोड़ रुपये भारत सरकार की केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत निर्मित की जाने वाली योजनाओं की प्राथमिकताओं में उपर्युक्त दोनों सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने हेतु प्रधान सचिव, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार ने दिनांक 24.06.2003 को मुख्य अभियन्ता, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से निवेदन किया है, जो अभी तक विचाराधीन है।

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने देने, स्थानीय नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन-स्तर को उन्नत करने की दृटि से मेरा आग्रह है कि उपर्युक्त दोनों परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाये और पर्याप्त धन आबंटित किया जाये।